>

Title: Need to take measures for strengthening educational, industrial and Panchayati Raj Institutions in Jammu & Kashmir.

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): भारत माता के मुकुट जम्मू-कश्मीर राज्य के सर्वांगीण विकास व राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने व राज्य में रह रहे भारतवासियों को न्याय प्रदान करने हेतु भारत सरकार तुरन्त उचित कदम उठाए यथा जनसंख्या पर आधारित पुनर्सीमांकन देश के अन्य राज्यों की तरह तुंत करवाया जाए। देश के अन्य राज्यों विशेषकर हिमालय प्रदेश की तर्ज पर जम्मू-कश्मीर में हुए पंचायती राज प्रणाली के चुनावों में निर्वाचित प्रतिनिधियों व पंचायती राज संस्थाओं को सभी शक्तियां तुंत प्रदान की जाए। राज्य में रह रहे लगभग 13 लाख शरणार्थियों को मतदान करने, चुनाव लड़ने सहित अन्य सभी अधिकार व सुविधाएं दी जाएं। जम्मू क्षेत्र में बड़े उद्योग स्थापित किए जाएं। जम्मू की सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी को तुंत चालूकर इसी सत्र से पढ़ाई भी शुरू करवाई जाए।